अंगदान: जीवन की नई उड़ान

अंगदान है महादान, करें सबका कल्याण,

नए जीवन की पहचान, दे पंखों को नई उड़ान।

जीते जी तो सब जीते हैं, मरकर भी जो काम आए, वही तो है सच्चा जीवन

जिंदगी में कुछ ऐसा काम कर जाएं, यह जीवन किसी के काम आ जाए

हर धड़कन की सजीवता में,

छिपा है जीवन का वरदान,

दान करो ये अमूल्य निधि,

बनाओ जीवन को धनवान।

नेत्र दान से हो किसी का अंधकार दूर, हृदय दान से किसी की धड़कन बने मजबूत।

किडनी दान से मिले किसी को जीवनदान,फेफड़े दान से पाएं किसी को नया जहान।

तुम्हारे अंश बनें किसी के प्राण,

नवजीवन का होगा नव निर्माण,

सपने अधूरे जो छूटे थे कभी,

पाएं फिर से, नई पहचान।

अंगदान है महादान, करें सबका कल्याण,

नए जीवन की पहचान, दे पंखों को नई उड़ान।

प्रीति

वरि. तकनीकी अधिकारी

सीएसआईआर-एचआरडीसी